प्रधानमंत्री ऊर्जा सप्ताह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नई दिल्ली में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारत तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत इथेनॉल ब्लेडिंग के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है।

पीएम मोदी-फ्रांस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करेंगे। इस वार्ता का उद्देश्य भारत और फ्रांस के संबंधों को और मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी आज वहां ए आई एक्शन शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। भारत इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित करना और उत्तरदायित्वपूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री नमोवन

भोपाल में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 करोड़ की लागत से शहर के पहले हाईटेक 'नमो वन वाटिका' का भूमिपूजन किया। इसके तहत वीआईपी रोड के किनारे 3 एकड़ में करीब 7 करोड़ रुपए से पार्क विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने, अमृत-2.0 योजना के तहत करीब 400 करोड़ रुपए के सीवेज प्रोजेक्ट की शुरुआत भी की। साथ ही 3 करोड़ रुपए से खरीदी गई 4 सीवर कम जेटिंग मशीनों और पुरानी बसों को बस स्टॉप में तब्दील करने के कार्य का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसंघ के संस्थापक पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके लाल घाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब, शोषित एवं वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणा पुंज बनकर हमारा पथ आलोकित करता रहेगा।

जबलपुर हादसा

जबलपुर में आज सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। हादसा जबलपुर से 40 किलोमीटर दूर सिहोरा के पास हुआ। नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर ट्रक से ट्रैवलर की टक्कर हुई जिससे ट्रैवलर ट्रक और सड़क की रेलिंग के बीच फंस गई। इसके बाद सामने से आ रही कार दोनों गाड़ियों से टकरा गई। हादसे में प्रयागराज से वापस आ रही ट्रैवलर में सवार हैदराबाद के सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मुख्यमंत्री ॉ. मोहन यादव ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

समाचार संक्षेप में

- आज भोपाल स्थित मंत्रालय में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के साथ प्रदेश कैबिनेट की बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी।

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल अपने शिवपुरी प्रवास के दौरान कोलारस में जन समस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्या सुनी और उनका निराकरण करवाया।

- निवाड़ी कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में ओरछा पैलेस में ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2025 की तैयारियों पर उद्योगपति एवं निवेशकों के साथ बैठक हुई।

- सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर **आज** को सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की उपस्थिति में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- नर्मदापुरम जिले की सिवनीमालवा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में बाल विवाह के सामाजिक दुष्प्रभाव, विधिक जागरूकता कारण और निवारण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- सेफ क्लिक अभियान के तहत आगरमालवा में कल साइबर अपराधों के प्रति जागरूकतां प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीक से जीवन को आसान हुआ है लेकिन साइबर अपराधों के खतरे भी बढ़े है।